# आया हूँ तेरे दर पे | By Riyaz Hindustani |

आया हूँ तेरे द्वारे,
मै बनके एक सवाली माँ
मेरी भी झोली भर दे,
मै जाऊंगा ना खाली माँ
आई लव यू आई लव यू
आई लव यू शेरा वाली माँ

बांझो को तूने पुत्र दिया,
और कोढ़ी को दिया काया
मै चाहूँ आर्शीष तेरा माँ,
ना चाहूँ धन माया
निर्धन को तूने, धनी बनाया,
अंधे को दी आँखें,
हँसता गया तेरे द्वारे से,
जोभी रोता आया,
मेरे सर पे हाथ तू रखदे,
हो जायेगी दिवाली माँ
आई लव यू आई लव यू
आई लव यू शेरा वाली माँ

दुष्टों का तू नाश करें,
निर्बल को देती शक्ति
उसको दे संसार की खुशियाँ,
करें जो तेरी भक्ति
कष्ट उसे छू भी ना सके
जो तेरी ज्योत जलाये
अपने दासों पर रखती माँ
सदा ही दया दृष्टि
तेरा शेर करे है तेरे,
सब भक्तों की रखवाली माँ
आई लव यू आई लव यू
आई लव यू शेरा वाली माँ

सती साध्वी भव प्रीता माँ
दुर्गा तू ही भवानी,
आर्या, जया, आद्या तूही,
तूही शूल धारिणी
महा तपावन बुद्धि चित्रा,
तूही दक्ष कन्या
रात्र प्रिया तू श्याम भावी माँ,
भव्या तूही भाविनी,
तू आम्बे तू जगदम्बे है,
तूही मेरी काली माँ
आई लव यू आई लव यू
आई लव यू शेरा वाली माँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%87-by-riyaz-hindustani/